जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, नूरसराय, नालन्दा
Email Id : dietnalanda@gmail.com Website:dietnalanda.org

अभिरूचि की अभिव्यक्ति

राज्य के सरकारी प्रारम्भिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों / प्रधानाध्यापकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 74 शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों (राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्/अध्यापक शिक्षा संस्थान/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,/प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय/प्रखंड शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) में संचालित हो रहा है। इसके अतिरिक्त बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से लगभग 1,70,000 शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है, जिन्हें नियुक्ति के उपरांत विभाग द्वारा Induction Training दिया जाना है।

शिक्षकों के इन प्रशिक्षणों के बेहतर संचालन हेतु विभाग को साधन सेवी (Resource Person) के रूप में विश्व विद्यालयों /महाविद्यालयों के शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर की आवश्यकता है। इस कार्य के लिए साधन सेवी को मानदेय के रूप में रू0 1000/– (एक हजार) प्रति कक्षा (90 मिनट) यात्रा भत्ता सहित भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान साधन सेवी को शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा भोजन एवं आवासन इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

इच्छुक विश्व विद्यालयों /महाविद्यालयों के शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर अपना आवेदन इस संस्थान के ईमेल–**dietnalanda@gmail.com** अथवा स्वयं संस्थान में उपस्थित हो कर एक सप्ताह के अन्दर अपना बायोडाटा जमा करें।

Ferhat Jahan 28/10/23.

डॉ0 फरहत जहाँ
प्रभारी प्राचार्या,
डायट, नालंदा।